# जल्द बनेगा छिंदवाड़ा में ट्रांसपोर्ट नगर : सांसद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू ने नगर निगम छिंदवाड़ा के निवासियों को मंगलवार एवं बुधवार आयोजित हुए भूमिपूजन सामारोह के दौरान 20 करोड़ 18 लाख 28 हजार के विभिन्न निर्माण कार्यो की सौगात दी। इस दौरान कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अब जल्द ही छिंदवाड़ा में ट्रांसपोर्ट नगर बन सकेगा और अब छिंदवाड़ा शहर जल्द ही महानगर का रूप लेगा। यह संभव हो सका है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दूरगामी सोच के कारण वे छिंदवाड़ा के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है।

सांसद श्री साहू ने कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं लगातार दिल्ली और भोपाल के प्रवास के दौरान मंत्रियों एवं अधिकारियों से छिंदवाड़ा के विकास के कार्यो को लेकर चर्चा करते रहता हूँ, जिसका सकारात्मक रिजल्ट भी शहरवासियों को देखने को मिल रहा है।

नगर निगम क्षेत्र के निवासियों को अब हर मूलभूत सुविधा प्रदान की जायेगी। मैं अपनी सांसद निधि के अलावा भी अन्य मंत्रियों एवं अधिकारियों से छिंदवाड़ा शहर के विकास में सहयोग ले रहा हूँ, और वे छिंदवाड़ा के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है।

इसी का परिणाम है कि आज करोड़ों के निर्माण कार्य छिंदवाड़ा शहर में किए जा रहे है। यहां कि जनता का भी हमें भरपूर स्नेह और सहयोग मिल रहा है, मैं उनका आभारी हूँ कि उन्होंने अपने बेटे को एक मौका देकर संसद तक पहुँचाया है।बुधवार को छिंदवाड़ा नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रं 24 सारसवाड़ा में 19 करोड़ लागत से बनने वाले ट्रांसपोर्ट नगर निर्माण के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि अब छिंदवाड़ा में जल्द ही ट्रांसपोर्ट नगर का निर्माण हो सकेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं छिंदवाड़ा के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह से लगातार संपर्क करने का ही परिणाम है कि नगर निगम को ट्रांसपोर्ट नगर के निर्माण के लिए 19 करोड़ की राशि मिल सकी है।



कुकड़ा जगत से लेकर मोहरली तक की सड़क काफी जर्जर हालत में पहुँच गई है। विगत कई दिनों से इस सड़क को लेकर सांसद बंटी विवेक साहू के पास स्थानीय निवासियों की शिकायत प्राप्त हो रही थी। सांसद श्री साहू ने बताया कि इस संबंध में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं छिंदवाड़ा के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह से चर्चा की थी। जिसके तहत नगर निगम को कायाकल्प अभियान 2.0 के अंतर्गत वार्ड क्रं 04 में कुकड़ा जगत से लेकर मोहरली तक पूरी सड़क निर्माण के लिए 52.79 लाख की राशि स्वीकृत हो गई है, जिससे जल्द ही इस सड़क का कार्य प्रारंभ होगा और यहाँ के निवासियों को अवागमन में सुविधा मिल सकेगी।

सांसद श्री साहू ने गत दिनों विश्वकर्मा कनौजिया लोहार समाज के वार्ड नं. 10 में दस लाख की लागत से बनने वाले समाज के भवन का भी भूमिपूजन किया। इस दौरान कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष सुरेन्द्र विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, सचिव निलेश विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष नारायण विश्वकर्मा, पूर्व अध्यक्ष मेहता विश्वकर्मा सहित समाज के अन्य वरिष्ठ सदस्यगण व सामाजिक बंधु प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

सांसद बंटी विवेक साहू ने नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नं. 35 सर्रा में स्थित लोनारे कुनबी समाज भवन की बांउण्ड्रीबाल के लिए 10 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की थी। जिसका आज सांसद श्री साहू द्वारा भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से समाज के वरिष्ठ एवं सभापति जागेन्द्र अल्डक, महादेव बारस्कर, वामन चौबितकर सहित समाज के बड़ी संख्या में वरिष्ठ पदाधिकारी, सामाजिक बंधु एवं महिला शक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

सांसद बंटी विवेक साहू ने गत दिनों वार्ड नं. 19 में 13 लाख की लागत से बनने वाली सी.सी. रोड का एवं वार्ड क्रं. 48 में 10 लाख की लागत से बनने वाली नाली निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन किया था। कार्यक्रमों को भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, महापौर विक्रम अहके, मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला, सौरभ ठाकुर, लीला बजौलिया, नवीन बारस्कर ने भी संबोधित किया। इस दौरान पूर्व मंडी अध्यक्ष नरेश साहू, पूर्व जिला महामंत्री दीनदयाल मोहने, राजू नरोटे, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा



## छिंदवाड़ा-पांढुर्णा के तरबूज खरबूज की देश के अन्य राज्यों सहित बांग्लादेश तक पहुंच

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आज उपसंचालक कृषि जितेंद्र कुमार सिंह टीम के साथ पांढुरना जिले के पंधराखेड़ी ग्राम के कृषक सतीश घाघरे के खेत में 5 एकड़ में लगाई गई तरबूज़ की फसल का निरीक्षण किया कृषक ने बताया कि अभी खेत से ही व्यापारी दस से बारह रुपये किलो की दर से खरीदी करके बांग्लादेश सहित बंगाल ले जा रहे है लगभग प्रति एकड़ 250 से 300 क्विंटल का उत्पादन प्राप्त कर रहे है।

इस प्रकार प्रति एकड़ लगभग दो लाख रूपये का मुनाफ़ा कमा रहे है किसान लगभग 80 से 90 दिन की फसल से तरबूज की किस्म यू एस -2208 की बोनी ड्रिप के साथ प्लास्टिक मलचिंग करके लगाई गई फसल से प्राप्त कर रहे है फील्ड विजिट में एस.डी.ओ. कृषि दीपक चौरसिया ए.ई.ओ. पंकज पराड़कर सहित स्थानीय किसान उपस्थित रहे ।

### सार-समाचार

## लता सोनवंशी मैजिक बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड अवार्ड से सम्मानित



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गत 1 मार्च 2025 को महाकाल की नगरी उज्जैन में विलासा छंद महालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह में यह अदभुत व अविस्मरणीय कार्यक्रम विलासा छंद महालय के संस्थापक डॉ. रामनाथ साहू ननकी अध्यक्ष डॉ. माधुरी डडसेना मुदिता, सचिव डॉ. ओमकार साहू के प्रज्ञ संकल्पों तथा श्री श्री 1008 मानस भूषण डॉ. सुमनानंद गिरी महाराज श्री मौन तीर्थ उज्जैन महामंडलेश्वर निरंजनीय अखाड़ा के मुख्य आतिथ्य में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

न्यूटन चिखली निवासी तथा शा.उ.मा.वि. पगारा में पदस्थ लता सोनवंशी को श्री मौन तीर्थ विद्यापीठ उज्जैन में आयोजित विलासा छंद महालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में वर्णावली छंद ग्रन्थ के सृजन में सहभागिता प्रदान करने हेतु 'द मैजिक बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। उल्लेखनीय है कि लता सोनवंशी को विलासा छंद महालय के पटल गुरु एवं पटल प्रमुख हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है पूर्व में श्री राम काव्य रत्न से सम्मानित किया गया है। इस उपलब्धि के लिए सभी साहित्यकारों, परिजनों, ईष्ट मित्रों एवं शुभ चिंतकों ने बधाई दी है।

## अनिल मिश्रा को सौंपी जिम्मेदारी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार चौरई शहर कांग्रेस में पर्यवेक्षक पद पर नवनियुक्ति की गई है। नवनियुक्त पदाधिकारी को तत्काल प्रभाव से जिम्मेदारी सौंपकर संगठन की जारी गतिविधियों में सम्मिलित होने निर्देशित किया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री विश्वनाथ ओकटे व चौरई विधायक सुजीत चौधरी की सहमति उपरांत चौरई शहर कांग्रेस अध्यक्ष धीरज खंडेलवाल के द्वारा अनिल मिश्रा को चौरई शहर कांग्रेस में पर्यवेक्षक मनोनीत किया गया है। अपनी नियुक्ति के प्रति अनिल मिश्रा ने कमलनाथ एवं नकुलनाथ सहित जिले के समस्त वरिष्ठ कांग्रेस जनप्रतिनिधिगण व विधायकगण सहित कांग्रेस परिवार का हृदय से आभार माना है।

## जिला महिला कांग्रेस सेवादल की कार्यकारिणी घोषित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला महिला कांग्रेस सेवादल की कार्यकारिणी घोषित की गई है। कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों से चर्चा के उपरांत जिला महिला कांग्रेस सेवादल की कार्यकारिणी घोषित की गई है। घोषित कार्यकारिणी में कांग्रेस सेवादल की जिला महिला अध्यक्ष सहित अन्य पदो पर नियुक्तिया की गई है। घोषित कार्यकारिणी में कांग्रेस सेवादल की जिला महिला अध्यक्ष डॉ. शाबाना यास्मीन खान, जिला कार्य. अध्यक्ष सीमा शुक्ला, उपाध्यक्ष सालीका कारेआम, सिंधु यादव, जिला महासचिव करिशमा डेहरिया, शहनाज बानो, सचिव स्मिता वर्मा, मनोति पाल, रशिमी धुर्वे मनोनीत की गई है। प्रवक्ता पद की जिम्मेदारी तुलसा प्रसाद को सौंपी है। संगठन मंत्री इस्मत बनो व कल्पना रघुवंशी नियुक्त की गई। सोशल मीडिया व संयोजक की जिम्मेदारी सपना वर्मा को सौंपी है। नगर महिला अध्यक्ष शिवानी मरापे, नगर उपाध्यक्ष वीणा जैन व छिन्दवाड़ा ग्रामीण अध्यक्ष पद पर कनीजा कुरैशी मनोनीत की गई है। ब्लॉक अध्यक्ष अमरवाड़ा अध्यक्ष नुपूर विश्वकर्मा, उमरेठ गुंजा आम्रवंशी, चौरई उर्मिला यादव, चांद परवीन खान, बिछुआ सविता नानारिमा, छिन्दी रीना भलावी, नवेगांव शान्ति डेहरिया मनोनीत की गई है।

## तीन करोड़ 25 लाख के पांच उप स्वास्थ्य केन्द्रों के निर्माण का भूमिपूजन आज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद विवेक साहू गुरूवार को परासिया विधानसभा क्षेत्र में बनने वाले पांच उपस्वास्थ्य केन्द्रों जिनकी लागत 65.65 लाख कुल 3 करोड़ 25 लाख के कार्यो का भूमिपूजन करेंगे। सांसद श्री साहू दोपहर 12 बजे ग्राम झुर्रे में उपस्वास्थ्य केन्द्र का भूमिपूजन करेंगे, दोपहर 1:15 बजे ग्राम तीतरा डुंगरिया (पगारा) में उपस्वास्थ्य केन्द्र का भूमिपूजन करेंगे, दोपहर 2:15 बजे ग्राम सेतपरात में उपस्वास्थ्य केन्द्र का भूमिपूजन करेंगे, दोपहर 3:15 बजे ग्राम खजरी अंतु में उपस्वास्थ्य केन्द्र का भूमिपूजन करेंगे एवं शाम 4:15 बजे ग्राम पटपड़ा में उपस्वास्थ्य केन्द्र का भूमिपूजन करेंगे। वहीं शाम 5:15 पर ग्राम मूसादेही में आयोजित स्वागत सामारोह में शामिल होंगे।

## प्रेम प्रसंग को लेकर दो पक्षों में भिडंत, लाठी-डंडों से हमला

**पांढुर्णा, देशबन्धु।** जिले के मोहगांव में मंगलवार को प्रेम प्रसंग के चलते दो पक्षों के बीच जबरदस्त झड़प हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस मारपीट में महिलाएं और पुरुष भी शामिल थे।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों पक्षों को आपस में लड़ते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में कुछ लोग एक-दूसरे पर लाठियों से प्रहार कर रहे हैं, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल इलाके में तनाव को देखते हुए पुलिस निगरानी बढ़ा दी गई है।



## 28 मार्च तक ऋण नहीं चुकाया तो देना होगा ब्याज

### 11 मार्च को पुन: समीक्षा करेंगे कलेक्टर

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से अल्पकालीन फसल ऋण लेने वाले कृषकों को ड्यू डेट पर चुकौती करने पर ही शून्य प्रतिशत ब्याज सहायता का लाभ प्राप्त हो सकेगा, जबकि डिफाल्टर कृषकों को राज्य शासन एवं केन्द्र शासन से प्राप्त होने वाली अतिरिक्त ब्याज अनुदान तथा प्रोत्साहन राशि की पात्रता नहीं होगी। यह राशि 7 प्रतिशत की दर से कृषक को ही ऋण वितरण दिनांक से ड्यू दिनांक तक इसके पश्चात कृषकों को 12 प्रतिशत ब्याज दर से ब्याज सहित भुगतान करना होगा।



प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों द्वारा अपने कालातीत सदस्यों को निरंतर समझाईश के उपरांत भी ऋण नहीं चुकाने वाले सदस्यों के विरूद्ध संस्थाएं धारा 84 के अन्तर्गत वैधानिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय में प्रकरण दायर कर रही है। अब तक समितियों द्वारा 200 से अधिक प्रकरण सहकारिता विभाग के सी.जे.सी.एम.एस. पोर्टल पर दर्ज किया जा चुका है। जिसका न्यायालयीन व्यय भी कालातीत सदस्यों से वसूला जा रहा है।

इसी तरह क्रिस योजना के तहत लगभग 700 से अधिक कालातीत ऋणी सदस्यों के प्रकरण तहसीलदार (राजस्व अधिकारी) को ऋण वसूली हेतु सौंपे गए है जो लगातार जारी है। बैंक के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी लगातार शाखाओं/ समितियों के प्रभारियों के कामकाज एवं शाखाओं और समितियों के कार्यक्षेत्र में भ्रमण कर ऋण वसूली के निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति की समीक्षा कर रहे है। बुधवार को भी मुख्यालय से विडीयों कॉनफ्रेंसिंग के जरीये बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभय कुमार जैन ने ऋण वसूली सहित अनेक महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर अपने शाखा और समिति प्रभारियों के साथ चर्चा की तथा 28 मार्च तक ऋण वसूली हेतु निर्धारित लक्ष्य न्यूनतम 60 प्रतिशत सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये।

उल्लेखनीय है कि खरीफ सीजन में सहकारी समितियों द्वारा विपरीत अल्पकालीन फसल ऋण की अदायगी तिथि 28 मार्च निर्धारित है। उक्त दिनांक तक ऋण नहीं चुकाने पर ऋणी सदस्यों को शासन की शुन्य प्रतिशत ब्याज सहायता का लाभ नहीं मिल सकेगा। इस योजना के लाभ हेतु आवश्यक है कि ऋणी सदस्य लिए गए ऋण की चुकौति निर्धारित तिथि के पूर्व करें।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक छिन्दवाड़ा से सम्बद्ध 24 शाखाओं अंतर्गत 146 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में 1,11,408 से भी अधिक ऋणी किसान है जो इस समय शाखा व समितियों के माध्यम से प्रदत्त सुविधाओं और शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहे है। इस वर्ष 2024.25 में बैंक ने अपनी शाखाओं से संबद्ध बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से खरीफसीजन में 729 करोड़ एवं रबी सीजन में 211 करोड़ इस प्रकार कुल 940 करोड़ से भी अधिक का ऋण वितरण कर चुका है जबकि कालातीत ऋण 430 करोड़ वसूलना शेष है।

वर्ष 2024-25 में अल्पकालीन फसल ऋण लेने वाले उन कृषकों को शून्य प्रतिशत ब्याज सहायता योजना का लाभ प्राप्त हो सकेगा जो समय पर (ड्यूडेट के पूर्व) अपना ऋण चुकाऐंगे जबकि समय पर अपना ऋण नहीं चुकाने वाले डिफाल्टर कृषकों को 12 प्रतिशत ब्याज दर से ब्याज सहित ऋण अदा करना होगा। बैंक प्रबंधन ने अपील की है कि ऋणी कृषक समय पर अपना ऋण चुकता कर शासन की शून्य प्रतिशत ब्याज सहायता योजना का लाभ सतत प्राप्त करें एवं अनावश्यक वैधानिक कार्यवाही से बचे।

## सिम्स मेडिकल कॉलेज में मनाया श्रवण दिवस

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 5 मार्च को सिम्स मेडिकल कॉलेज के ई.एन.टी. विभाग में विश्व श्रवण दिवस मनाया गया जिसमें श्रवण संबंधी समस्याओं के बारे में गहन चर्चा की गई। ई.एन टी. विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आर एस गौर ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉक्टर अभय कुमार सिन्हा अधिष्ठाता सिम्स उपस्थित थे, अधिष्ठाता द्वारा विश्व श्रवण दिवस के इतिहास के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं बताया गया कि श्रवण संबंधी समस्या कैसे होती है और उनका निदान कैसे किया जा सकता है।

इस कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. आर.एस. गौर द्वारा बताया गया कि इस समय संस्था में श्रवण संबंधी बीमारियों के लिए आधुनिक मशीन जैसे कि पी.टी.ए. / ओ.ए.ई. इत्यादि उपलब्ध है एवं नियमित रूप से जांच की जा रही है। बड़े शहरों में होने वाली जांच (क्क्ष्क्क) टेस्ट भी इस संस्था में शुरू किया जा चुका है। डॉक्टर गौर द्वारा बताया गया कि सभी नवजात बच्चों की विशेष कर जो हाई रिस्क प्रेगनेंसी एवं हाई रिस्क बच्चे होते हैं उनकी 5 साल से पहले श्रवण शक्ति की जांच करानी चाहिए एवं कान की डिजिटल मशीन लगनी चाहिए या कोकलियर इंप्लांट कराया जाना चाहिए, क्योंकि इसके बाद श्रवण शक्ति की क्षमता वापस नहीं लाई जा सकती है। 7 साल के बाद इस तरह के ऑपरेशन नहीं किया जा सकते हैं एवं व्यक्ति या बच्चा जिंदगी भर के लिए अपंग रह जाता है इसलिए जितना जल्दी हो सके उतना जल्दी उनकी जांच कर उसका निदान कर लेना चाहिए।

मोबाइल फोन एवं ब्लू टूथ ईयर डिवाइस के द्वारा होने वाले दुष्परिणामों के बारे में भी बताया गया कि अधिक समय ब्लूटूथ इयरफोन एवं जी.एस.एम. मोबाइल को उपयोग करने पर उनसे काफी रेडिएशन निकलता है जिससे कि सुनने की क्षमता प्रभावित हो रही है।



आज कल के नौजवानो में इस तरह की समस्याएं आम होती जा रही है इसके बचाव एवं निदान की जानकारी भी जानकारी दी गई।

वृद्धजनों में होने वाली उम्र संबंधित श्रवण शक्ति समस्याएं और उसके होने वाले दुष्परिणाम जैसे कि अकेलापन डिप्रेशन सामाजिक बहिष्कार जैसी समस्या का उपचार कान की डिजिटल मशीन के द्वारा आसानी से किया जा सकता है इसके बारे में भी जानकारी दी गई। इस मशीन का उपयोग करने के बाद बुजुर्ग लोगों को काफी लाभ होता है।

सिम्स मेडिकल कॉलेज के ई.एन.टी. विभाग मैं कान से संबंधित सभी प्रकार के ऑपरेशन जैसे कान के पर्दे का छिद्र, कान की हड्डियों का गलना, कान में पानी या कफ भरना इत्यादि की ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।

इस कार्यक्रम में डॉक्टर नरेश गोन्नाड़े सिविल सर्जन, डॉक्टर महेंद्र सिंह विभागाध्यक्ष सर्जरी, डॉक्टर विपिन जैन अधीक्षक के अलावा समस्त विभाग के विभाग अध्यक्ष एवं चिकित्सक, जूनियर रेजिडेंट, सीनियर रेजिडेंट, इंटर्न एवं छात्र-छात्राएं, नर्सिंग ऑफिसर ने अपनी सहभागिता दी और उस अवसर पर अपने सवालों को पूछा एवं उनका उचित समाधान पाया। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी भी की गई जिसमें सभी लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के अंत में वोट आफ थैंक्स डॉक्टर नितिन जैन सह प्राध्यापक द्वारा दिया गया उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया।

विभागाध्यक्ष डॉ. आर.एस. गौर द्वारा कार्यक्रम को समुचित रूप से संचालित करने के लिए विभाग के डॉक्टर नितिन जैन एसोसिएट प्रोफेसर, जूनियर रेजिडेंट डॉ. सतीश ठाकुर, सभी इंटर्न, नर्सिंग ऑफिसर, क्लास 3 और क्लास 4 वर्कर्स को धन्यवाद दिया। स्वल्पाहार के साथ ही कार्यक्रम का समापन किया गया

## परासिया रोड पर वाहन चेकिंग, शहरी सीमा से बाहर जाने वाले ऑटो पर होगी कार्रवाई

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अजय पांडे के निर्देशानुसार तथा उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) रामेश्वर चौबे एवं थाना प्रभारी (यातायात) राकेश तिवारी के मार्गदर्शन में छिंदवाड़ा यातायात पुलिस द्वारा परासिया रोड पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी शहरी परमिटधारी ऑटो निर्धारित सीमा का उल्लंघन न करे।

परासिया रोड पर बैरिकेडिंग कर चेकिंग की जा रही है, ताकि कोई भी ऑटो शहरी सीमा से बाहर जाने का प्रयास न करे। जिन ऑटो चालकों को नियमों की जानकारी नहीं है, उन्हें मौके पर रोककर समझाईंश दी जा रही है और वापस लौटाया जा रहा है। समय.समय पर निरीक्षण किया जाएगाए और नियमों की अनदेखी करने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।



शहरी परमिटधारी ऑटो केवल नगर सीमा के भीतर संचालित होने के लिए अधिकृत हैं। अनधिकृत संचालन पर रोक लगाकर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। बिना अनुमति सीमा पार करने वाले वाहनों से यातायात अव्यवस्था एवं अन्य कानून-व्यवस्था संबंधित समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

यातायात पुलिस छिंदवाड़ा सभी ऑटो चालकों से अपील की है कि वे अपने निर्धारित क्षेत्र में ही संचालन करें और नियमों का पालन करें। नियमों का उल्लंघन करने पर कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए सभी ऑटो चालक यातायात नियमों का पालन करें।

# यूएनडीपी योजना के क्रियान्वयन को लेकर कार्यशाला आयोजित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आज 5 मार्च 2025 को यूएनडीपी योजना के सफल क्रियान्वयन के लिये कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में प्रधान मुख्य वन संरक्षक ग्रीन इंडिया मिशन, भोपाल पुरुषोत्तम धीमन, कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह, वनमंडलाधिकारी साहिल गर्ग, एल.के. वासनिक, उप संचालक कृषि जीतेन्द्र कुमार सिंह, उप संचालक उद्यानिकी, आयुक्त नगर निगम सीपी राय व ईईडब्ल्यूआरडी, जिला पंचायत के अधिकारीगण, उप वन संरक्षक सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कार्यशाला में सतपुड़ा क्षेत्र में वनों के संरक्षण एवं वनाधारित उद्यमों के विकास को लेकर चर्चा की गई।

साथ ही ग्रीन इंडिया मिशन के अंतर्गत वनों की बहाली एवं स्थानीय समुदायों की आजीविका को सशक्त करने के लिए समन्वित कार्ययोजना पर मंथन किया गया। वन एवं अन्य विभागों के समन्वय से योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया, जिससे सतत विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति संभव हो सके।

इस कार्यशाला में तय किया गया कि आगामी 21 मार्च को एक विशेष



त्रिस्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी जिसमें योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी और आगे की रणनीति तय की जाएगी।

विदित हो कि सरकार समय समय पर वनों से जुड़े उद्योगों को प्रोत्साहित करती रहती है इसी कड़ी में यह एक पहल की गई है ताकि वन क्षेत्र की बहुमूल्य एवं उपयोगी वन संपदा से वहां पर निवासरत लोगों को रोजगार मिल सके। इसी को लेकर आगामी कलेक्टर ने सभी विभागों से इसमें भाग ले और अपने विचार रखें के लिए भी कहा है ताकि वनवासियों का विकास हो सके।

## इलाज के लिए दिलाई आर्थिक सहायता राशि

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से छिंदवाड़ा जिले के 6 मरीजों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान निधि से 2 लाख 30 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। उक्त राशि मिलने पर अब आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीजों का छिंदवाड़ा के अस्पतालों में बेहतर ईलाज हो सकेगा।

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों मरीजों एवं उनके परिजनों ने सांसद बंटी विवेक साहू से अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए ईलाज हेतु सहायता राशि की गुहार लगाई थी। जिसके आधार पर सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र प्रेषित कर आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराने का निवेदन किया था। जिसके आधार पर मुख्यमंत्री श्री यादव ने अपनी स्वेच्छानुदान निधि से आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।

# चना, मसूर एवं सरसो के पंजीयन की अंतिम तिथि दस मार्च



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासन के निर्देशानुसार रबी वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों फसल के उपार्जन के लिये पंजीयन की अंतिम तिथि 10 मार्च 2025 है। उपार्जन कार्य 25 मार्च से 31 मई 2025 तक किया जायेगा। शासन द्वारा निर्धारित उपार्जन नीति के अनुसार चना 5650 रूपये प्रति क्विंटल, मसूर 6700 रूपये प्रति क्विंटल एवं सरसो 5950 रूपये प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य पर उपार्जन किया जायेगा।

उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि जिले में चना, मसूर एवं सरसो उपार्जन के लिये किसानों का पंजीयन 10 मार्च 2025 तक गेहूँ के लिये निर्धारित सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं पर किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त कृषक एमपी ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेन्टरए लोकसेवा केन्द्रए सायबर कैफे एवं स्वयं के मोबाईल अथवा कम्प्यूटर से निर्धारित लिंक पर जाकर पंजीयन कर सकते हैं।

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह व उप संचालक कृषि श्री सिंह ने जिले के किसानों से अपील की है कि निर्धारित समय अवधि में अधिक से अधिक संख्या में अपनी उपज का पंजीयन कराकर योजना का लाभ प्राप्त करें।

विदित हो कि किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य मिल सके इसके लिए सरकार द्वारा प्रयास किए जा रहे है और उनकी फसल को खरीदने और बिचौलियों से बचाने के लिए उनका रजिस्ट्रेशन करवाया जा रहा है ताकि किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य मिल सके।

### सार-समाचार

## राकेश माहोरे बने एनएसयूआई प्रभारी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे की अनुशंसा पर युवा, जुझारू नेता राकेश माहोरे को जिला एन.एस.यू.आई. के पद पर नियुक्ति प्रदान की। ज्ञात हो श्री माहोरे पूर्व में कांग्रेस संगठन में विभिन्न पदों पर रह चुके हैं और लोकसभा, विधानसभा चुनावों में भी इन्होनें अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन करते हुये अपने बूथ से पार्टी को जीत दिलायी है।

## आठ मार्च को होगा विशेष महिला दिवस का आयोजन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** महिला एवं बाल विकास विभाग जिला छिन्दवाडा के अंतर्गत जिले की सभी आंगनवाडी केन्द्रों में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत मातृ एवं शिशु के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुये 08 मार्च 2025 को महिला दिवस के उपलक्ष्य में विशेष महिला दिवस का आयोजन किया जायेगा। जिसमें महिलाओं के स्वास्थ्य जाँच, पोषण, रक्तअल्पता का परीक्षण एवं परीक्षण के बाद स्वास्थ्य लाभ दिलाया जायेगा। प्रतिदिन भोजन में विटामिन, प्रोटीन, आयरन की उपलब्धता के विषय पर समझाइश भीदी जायेगी।

## मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से तीन मृतकों के वारिसों को मिलेंगे 12 लाख

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. शासन द्वारा मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले की तहसील मोहखेड़ में कुंये के गहरीकरण कार्य के दौरान 3 मजदूरों की मृत्यु होने पर उनके वारिसों को 4-4 लाख रूपये के मान से कुल 12 लाख रूपये आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। स्वीकृति के अनुरूप राशि का भुगतान संबंधित संस्था हितग्राहियों के बैंक खातों में किया गया है।

## समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये पंजीयन 31 मार्च तक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग भोपाल द्वारा जारी निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिये किसान पंजीयन और उपार्जन प्रक्रिया का निर्धारण किया गया हैए जिसके अनुसार 31 मार्च 2025 तक किसान पंजीयन किया जायेगा, जिसमें निर्धारित अवधि में किसान अपना पंजीयन कर सकते हैं।

## शारदा खदान परिसर से प्रतिमा को हिंगलाज मंदिर तक पहुंचाया



**गुढ़ी अंबाड़ा, देशबन्धु।** उपक्षेत्र अंबाड़ा के अंतर्गत आने वाली भूमिगत शारदा कोयला खदान परिसर में नवनिर्मित मंदिर में आज 6 मार्च को जगत जननी मां दुर्गा एवं मां शारदा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इसी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर कन्हान क्षेत्र मुख्य महाप्रबंधक अनूप हंजुरा, उपक्षेत्रीय प्रबंधक नरेंद्र कुमार सोनी, कार्यक्रम अध्यक्ष खान प्रबंधक स्वप्निल अवस्थी के नेतृत्व मे श्रमिक संगठन के पदाधिकारी शारदा खदान के अधिकारी व कामगारों के द्वारा शारदा खदान परिसर से बैंड बाजे व शानदार आतिशबाजी एवं धूमधाम के साथ मां दुर्गा और मां शारदा की प्रतिमा को वाहन में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया यह शोभायात्रा शारदा खदान परिसर से निकलकर नजरपुरए माइनस बस स्टॉप, गुढ़ी-अम्बाड़ा बस स्टॉप होते हुए मां हिंगलाज के दरबार में पहुंची। इस प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन शारदा माइंस के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारयों के द्वारा किया गया है। समिति ने क्षेत्र के सभी भक्तों से इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर पुण्यलाभ लेने अपील की है।

# माचागोरा डेम के आसपास अवैध शराब पर लगे रोक : गुलाबी गैंग

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** विगत् लंबे समय से ग्रर्राम माचागोरा के आसपास के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में एवं डेम के आसपास देशी-विदेशी मदिरा की जगह-जगह कुचिया खुलने से यहॉ आपराधिक घटनायें एवं माचागोरा डेम जो कि वर्तमान में जिले का एक पर्यटक स्थल है जहॉ प्रतिदिन हजारों पर्यटक भ्रमण करने आते हैं, जिनके साथ शराबियों द्वारा अनावश्यक ही वाद-विवाद किया जाता है एवं महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की घटनायें सामने आ रही है।



इससे माचागोरा सहित आसपास के ग्रामों में आये दिन विवाद की स्थिति उत्पन्न होने की सूचना ग्रामीणों द्वारा पहले भी प्रशासन को दी गई परंतु प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं होने एवं शराब माफिआओं को खुला संरक्षण देने के कारण ग्रामीणों ने गुलाबी गैंग कमाण्डर मध्यप्रदेश/छत्तीसगढ़ प्रभारी संपूर्ण महाराष्ट्र पूर्णिमा वर्मा से इस शराब की बिक्री पर रोक लगाने संपर्क किया।

ग्रामीणों की मांग पर गुलाबी गैंग कमाण्डर पूर्णिमा वर्मा ने माचागोरा ग्राम सहित आसपास के ग्रामीण महिलाओं एवं पुरूषों को एकजुट कर गुलाबी गैंग का गठन किया है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में चल रही देशी एवं विदेशी मदिरा की कुचिया तत्काल बंद की जावे एवं क्षेत्र में 24 घंटे पुलिस की गश्त बढाई जावे और इस संपूर्ण क्षेत्र को स्पेशल जोन में लिया जावे। अन्यथा चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के अंदरे पर गुलाबी गैंग द्वारा गांव.गांव में प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की शव यात्रा निकाली जायेगी। जिसकी संपूर्ण जबावदारी शासन प्रशासन की होगी ।

# उप स्वास्थ्य केन्द्र के भूमिपूजन पर राजनीति गरमाई, सांसद-विधायक आमने-सामने

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** विधानसभा क्षेत्र परासिया के अंतर्गत पांच नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र को लेकर राजनीतिक पार्टियों के बीच श्रेय की राजनीति शुरू हो गई है। इस मामले को लेकर जिले के भाजपा सांसद विवेक बंटी साहू एवं परासिया के कांग्रेसी विधायक सोहन बाल्मिक आमने.सामने आ गए हैं।



जानकारी के अनुसार झुर्रेमाल, सेतपरास, खजरीअतु, डूंगरिया एव पटपडा में उप स्वास्थ्य केंद्र बन रहा है। जिसमें की झुर्रेमाल में बाकायदा नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसमें कालम भी खड़े हो गए हैं।

वहीं सेतपरास में मैं भी निर्माण कार्य चालू है। कल 6 मार्च को जिले के सांसद विवेक बंटी साहू के मुख्य आतिथ्य एवं परासिया के विधायक सोहन बाल्मिक की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा भूमि पूजन का कार्यक्रम रखा गया है।

इस मामले को लेकर विधायक सोहन वाल्मीकि का कहना है कि उन्होंने पूर्व में ही उप स्वास्थ्य केन्द्रो का भूमि पूजन कर दिया है। जिसके बाद से स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण कर जारी है। लेकिन वहीं दूसरी ओर जिले के सांसद विवेक बंटी साहू दोबारा उप स्वास्थ्य केंद्रो का भूमि पूजन करना चाहते हैं। जो की उचित नहीं है।

विधायक का कहना था कि उन्होंने उप स्वास्थ्य केन्द्रो खोलने के लिए लगातार शासन से पत्राचार किया है और उनके प्रयासों से ही परासिया विधानसभा क्षेत्र में उप स्वास्थ्य केंद्र स्वीकृत हुए हैं। लेकिन सांसद प्रशासनिक अधिकारियों पर दबाव बनाकर फर्जी भूमि पूजन करना चाहते हैं।

# बर्ड फ्लू संक्रमण के कारण 21 दिन तक नहीं होगा पॉल्ट्री उत्पादन व मांसाहार भोजन का विक्रय, प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मार्च 2025ध् कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा कार्यालयीन आदेश 11 फरवरी 2025 के अनुसार नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के अंतर्गत वार्ड नंबर- 30 चिकन मार्केट एवं वार्ड नंबर- 03 बिल्ली पालकों के घर एच-5 एन-1, एवियन इनफ्लुएंजा (बर्ड फ्लू) संक्रमण पाये जाने से इस क्षेत्र के 01 किलोमीटर की परिधि क्षेत्र जिसमें वार्ड नंबर 06, 07, 08, 28, 29, 30, 31, 41 एवं 45 संक्रमित क्षेत्र घोषित किया गया है।

इसके अंतर्गत मुख्य मटन मार्केट वार्ड क्रमांक- 30 के 01 किलोमीटर में किसी भी प्रकार के पॉल्ट्री एवं पॉल्ट्री के उत्पाद एवं मांसाहारी भोजन 21 दिवस तक ग्राहकों को विक्रय नहीं किये जाने के लिये प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है।

सहायक आयुक्त (ए.एच.) पशुपालन एवं डेयरी, मत्स्य पालन भारत सरकार के पत्र 28 फरवरी 2025 के अनुसार 01 किलोमीटर का परिचालन क्षेत्र जिसके अंतर्गत पक्षी/मुर्गियां संक्रमित पाई गई है, की निगरानी सुनिश्चित की जानी है तथा निगरानी योजना जारी होने से 03 महीने तक कोई भी पक्षीध्मुर्गियां उस क्षेत्र में आने ना पाये के निर्देश दिये गये हैं।

इस आदेश के परिपालन में नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के वार्ड क्रमांक- 30 के 01 किलोमीटर परिधि क्षेत्र जिसमें वार्ड नंबर 06, 07, 08, 28, 29, 30, 31, 41 एवं 45 में पूर्व से प्रतिबंधित चिकन एवं पॉल्ट्री प्रोडक्ट के विक्रय एवं परिवहन पर 11 मई 2025 (03 माह ) तक प्रतिबंध लागू रहेगा तथा इस स्थल पर मटन एवं मछली के विक्रय पर अब कोई रोक नहीं है। सम्पूर्ण नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा एवं ग्राम सालीमेटा-लिंगा-बड़गोना की 10 किलोमीटर के परिधि क्षेत्र को एवियन इनफ्लुएंजा (बर्ड फ्लू) के लिये सर्वेलेंस क्षेत्र 03 माह की अवधि के लिये घोषित किया गया है।

# मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत बिछुआ में 248 जोड़ों का सामूहिक विवाह



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर के ब्लाक कालोनी प्रांगण में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के विवाह कार्यक्रम में बुधवार को 248 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। नगर के सामुदायिक भवन से डीजे, बैंड-बाजे के साथ बारात निकाली, सासंद विवेक साहू, विधायक सुजीत सिंह चौधरी, पूर्व विधायक पं. रमेश दुबे सहित अन्य जनप्रतिनिधि बारात शामिल हुए और डीजे और बैंड-बाजे धुन में जमकर थिरकते और बारात लेकर ब्लाक कालोनी ग्राऊण्ड पहुंचे जहां जनपद पंचायत अधिकारी और कर्मचारियों ने लड़की पक्ष से सभी जनप्रतिनिधियों स्वागत किया।

सासंद विवेक बंटी साहू और क्षेत्रीय विधायक सुजीत सिंह चौधरी ने परिणय सूत्र में बंधे जोड़ो को प्रतीकात्मक चेक से दी जाने वाली राशि प्रदान किया।

सांसद साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना गरीब परिवारों के लिए वरदान है। गरीब बच्चियों की शादी की समस्त जिम्मेदारी सरकार की होती है, प्रशासन द्वारा सभी व्यवस्थाएं की जाती हैं और धूमधाम से कन्याओं का विवाह-निकाह होता है।

उन्होंने कहा कि यह सरकार गरीबों, किसानों, बेटियों, युवाओं की सरकार है। हर वर्ग की भलाई के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। मुफ्त अनाज, नि:शुल्क इलाज की सुविधा के साथ ही पक्के आवास व हर घर में जल पहुंचाने को प्राथमिकता से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आगामी वर्षों में तीन करोड़ प्रधानमंत्री आवास बनाकर गरीबों को दिए जाएंगे। वहीं विधायक सुजीत सिंह चौधरी ने दांपत्य सूत्र में बंधे 2480 जोड़े शुभकामनाएं देते हुए इस आयोजन सफल बनाने के लिए स्थानीय प्रशासन धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर जनसमूह को भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, पूर्व विधायक पं.रमेश दुबे, विधानसभा प्रभारी लखन वर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष सतीश भलावी ने जनसमूह सम्बोधित किया।

# राहुल पटेल को सीईओ मोहखेड़ का प्रभार भी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा परिवीक्षाधीन डिप्टी कलेक्टर राहुल पटेल को जिला कार्यालय में आवंटित कार्यालयीन शाखाओं के अतिरिक्त आगामी आदेश पर्यन्त अस्थाई रूप से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मोहखेड का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा गया है।

परिवीक्षाधीन डिप्टी कलेक्टर श्री पटेल को म.प्र. कोष संहिता भाग- 1 के नियम- 125 के प्रावधानों के अंतर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मोहखेड के कर्मचारियों के वेतन भत्ते एवं अन्य भुगतान सबंधी कार्य के लिये आहरण-संवितरण के अधिकार भी प्रदत्त किए गये है। परिवीक्षाधीन डिप्टी कलेक्टर श्री पटेल द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मोहखेड का प्रभार ग्रहण किए जाने पर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बिछुआ सुरेश कुमार इंदौरकर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मोहखेड के अतिरिक्त प्रभार से स्वमेव मुक्त हो जायेंगे।

# सत्य सांई बाबा के सौवें जन्मोत्सव पर क्रिकेट लीग

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** श्री सत्य सांई नेशनल क्रिकेट लीग इंडिया के अन्तर्गत श्री सत्य साई यूनिटी कप का आयोजन स्थानीय इंदिरा गांधी क्रिकेट ग्राउंड पर 7 से 9 मार्च 2025 तक किया जाना है।

इसमें इंदौर जबलपुर, कटनी, नर्मदरापुरम, सागर और कान्हीवाडा की टीमें हिस्सा ले रही है। नेशनल क्रिकेट टीम के बारे में जानकारी देते हुए लीग कोआर्डीनेटर अरविंद सोनी ने बताया कि भगवान श्री सत्य साई बाबा का 100 वां जन्मोत्सव के आयोजन वर्ष में सत्य साई सेवा संगठन भारत द्वारा पूरे देश में 18 से 35 वर्ष के युवाओं हेतु 850 टीमें 29 राज्यों में क्रिकेट मैच खेल रही है।

मध्यप्रदेश में भी 70 टीमों के मध्य मैच उपरांत फाइनल छिन्दवाड़ा में आयोजित किया जा रहा है। यह मैच आध्यात्मिक संदेश जीवन एक खेल है इसे खेलो लाइफ इज ए गेम प्ले। श्री सत्य साई बाबा के महावाक्य पर लव आल सर्व आलपर आधारित है।

## संचालक मंडल के सदस्यों की सूची प्रकाशन में आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दस मार्च

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मप्र डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की जिला परियोजना प्रबंधक रेखा अहिरवार ने बताया कि विकासखण्ड सौंसर में कार्यशील आजीविका बहुप्रयोजन समितियों में से 16 प्राथमिक महिला आजीविका बहुप्रयोजन सहकारी समितियों घोटी, घोघरीखापा, कोपरावाड़ी, बानाबकोड़ा, ढोकढोह, निमनी, रामाकोना, पंढराखेढ़ी, रोहना, रंगारी, रामपेठ, सर्रासांवरी, बैरागढ़, मर्राम, पंधराखेढ़ी व परतापुर की सदस्यता सूची को अंतिम रूप देने के लिये रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किये गये हैं। सदस्यता सूची का प्रकाशन 03 मार्च 2025 को किया गया है जिसमें आपत्तियों को 10 मार्च तक प्रस्तुत कर सकते है।